नई दिल्ली, शनिवार
6 अप्रैल 2019
नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 24+8+10+4=46

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

नौकरी को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा 14
लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन नहीं लड़ेंगी चुनाव 19

ग्रेनो वेस्ट का पहला शापिंग मॉल शुरू

जासं, ग्रेटर नोएडा : ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों को अब रोजमर्रा की चीजों को इकट्ठा करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। सभी दैनिक जरूरतों का सामान चंद कदमों की दूरी पर उपलब्ध होगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सोसायटियों की बसावट हो जाने के बाद मूलभूत सुविधाओं का अभाव लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था। लेकिन, अब किसान चौक के समीप गौर सिटी में ग्रेटर नोएडा वेस्ट का पहला शापिंग मॉल भी खुल गया है। मॉल में बिग बाजार, क्रोमा, रिलायंस डिजिटल, एप्पल स्टोर, पीवीआर समेत अन्य ब्रांडेड कपड़ों व जूतों के शोरूम होंगे। इससे पहले ग्रेनो वेस्ट के लोगों को मॉल में शापिंग करने के लिए 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय करके नोएडा अथवा गाजियाबाद जाना पड़ता था। मॉल की ओपनिंग से ग्रेनो वेस्ट के हजारों परिवार को राहत मिलेगी। गौर सिटी सोसायटी में मौजूदा समय में 30 हजार परिवार रह रहे हैं।